**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**(तिथि 24 अक्तूबर 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- केंद्र सरकार ने देश में (डीएपी) खाद की कमी से संबंधित मीडिया रिपोर्टों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि डीएपी खाद पर सब्सिडी बिल्कूल भी काम नहीं की गयी हैं।
- हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा है कि हरियाणा हवाई अड्डे से उड़ान होगी शुरू।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- हरियाणा पुलिस की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली तथा बेहतरीन प्रथाओं को समझने के लिए जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के पुलिस महानिदेशक से की बातचीत।
- CITCO ने दिवाली पर नियमित कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि का ऐलान किया,संविदा कर्मचारियों को बोनस मिलेगा।

*************************************************************************

केंद्र सरकार ने देश में डायम्मोनियम फास्फेट (डीएपी) उर्वरक की कमी से संबंधित मीडिया रिपोर्टों को खारिज करते हुए कहा है कि ये भ्रामक और तथ्यात्मक स्थिति से परे हैं। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि डी ए पी खाद पर सब्सिडी बिल्कुल भी कम नहीं की गई है और कोविड के समय से ही 50 किलोग्राम बैग की अधिकतम खुदरा कीमत 1 हजार 350 रुपये प्रति रखी गई है।विज्ञप्ति में कहा गया है कि किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी वर्ष 2024 के लिए डीएपी की सब्सिडी में वृद्धि का निर्णय लिया है। मंत्रालय ने कहा कि इसके अलावा रबी 2024-2025 के लिए कुल बजटीय आवंटन बढ़ाकर 24 हजार 475 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

****************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा है कि जल्द ही अंबाला से उड़ान शुरू होगी। श्री विज आज अंबाला में मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे।

उड़ान योजना के तहत अंबाला में बन रहे हवाई अड्डे के शुभारंभ पर श्री विज ने कहा --

भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के सरकार के किसानों को खाद और बीज देने में विफल साबित होने संबंधी बयान पर श्री विज ने कहा कि किसानों को प्रणालीबद्ध तरीके से खाद मुहैया करवाया जा रहा है तथा खाद की ओर खेप भी मंगवाई गई है ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।कुमारी शैलजा द्वारा भारतीय जनता पार्टी से घोषणा पत्र में किए वादों को पूरा करने बारे सवाल पर श्री विज ने पलटवार करते हुए कहा कि बी जे पी जो वायदे करती है वे जरूर पूरे होते है उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है ।

************************************************************************

हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि हरियाणा पर्यटन विभाग को और मजबूत किया जाएगा ।वह आज पिपली स्थित पैराकीट का औचक निरीक्षण करने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने वहां के प्रबंधक से उपलब्ध सुविधाओं के बारे जानकारी ली। और किचन, रेस्टोरेंट व बार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टाफ की समस्याओं को भी जाना और पैराकीट की गतिविधियों के विस्तार के लिए संभावित कदमों के बारे जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इन सभी विषयों पर सकारात्मक सोच के साथ कार्य किए जाएंगे ताकि पैराकीट में आने वाले लोगों को और बेहतर सुविधा मिल सके।

************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी पर **'मन की बात'** कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। गौरतलब है कि यह मासिक रेडियो कार्यक्रम **मन की बात** की 115वीं कड़ी होगी।श्रोता इस कार्यक्रम से संबंधित अपने सुझाव टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। mygov, Namo एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। यह सुझाव 25 अक्तूबर तक भेजे जा सकते हैं।कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क पर किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

************************************************************************

आज भारत-तिब्बत सीमा पुलिस-आईटीबीपी का स्थापना दिवस मनाया गया । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर हिमवीरों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी । श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आईटीबीपी के जवान सबसे चुनौतीपूर्ण इलाकों और कठिन

जलवायु परिस्थितियों में लोगों की रक्षा के लिए वीरता और समर्पण के प्रतीक के रूप में तैनात हैं। उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं और बचाव कार्यों के दौरान बल के जवानों के गौरवपूर्ण तथा प्रेरक प्रयासों की भी सराहना की।

**********************************************************************

हरियाणा पुलिस की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली तथा बेहतरीन प्रथाओं को समझने के लिए जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल ने वहां के सांसद राहुल कुमार के साथ पुलिस मुख्यालय का दौरा किया। उन्होंने पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर से डिजीटल तकनीकों की अपराध नियंत्रण में भूमिका, इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर, पारंपरिक तथा आधुनिक अपराध के स्वरूपों तथा साइबर अपराध रोकने के लिए भविष्य में आने वाली चुनौतियों से निपटने को लेकर तैयार की गई प्रभावी रणनीति के बारे में जानकारी प्राप्त की।पुलिस महानिदेशक ने प्रतिनिधिमंडल को हरियाणा पुलिस की संरचना, अन्वेषण, भर्ती प्रक्रिया, कार्यक्षमता निर्माण के लिए पुलिसकर्मियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के बारे अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा अपराधियों को पकड़ने के लिए अत्याधुनिक तकनीक का भरपूर इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे अपराध को कम करने में मदद मिली है। जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल ने इस मौके पर हरियाणा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की।इस दौरान हरियाणा पुलिस तथा जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे अपराधों से निपटने के लिए पुलिस स्तर पर तालमेल की संभावनाओं पर भी विचार विमर्श किया।

**********************************************************************

चंडीगढ़ औद्योगिक एवं पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (सिटको) ने दिवाली पर नियमित कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि का ऐलान किया है, जो जुलाई 2024 से प्रभावी होगी। संशोधित महंगाई भत्ता जुलाई से अक्तूबर तक के बकाया के साथ दिया जाएगा।

निगम ने आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन त्योहार से पहले जमा कराने की घोषणा भी की है। CITCO के प्रबंध निदेशक श्री हरि कल्लिक्कट ने कहा कि सेवा प्रदाताओं को दिवाली से पहले आउटसोर्स कर्मचारियों को 15 दिनों का अग्रिम वेतन वितरित करने का निर्देश दिया गया है। ये अग्रिम वेतन, पूरे महीने के कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा अंशदान के साथ, सामान्य 30-दिवसीय वेतन बिल चक्र में संसाधित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सिटको अपने सभी संविदा कर्मचारियों को वैधानिक बोनस दे रहा है जिनका वेतन 21,000 रुपए प्रति माह से कम है।

**********************************************************************

हरियाणा सरकार ने निर्णय लिया है कि राज्य सरकार के कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को अक्तूबर माह का पेंशन वेतन और भत्ते 30 अक्तूबर को वितरित किए जाएंगे। यह निर्णय दीवाली और हरियाणा दिवस के अवसर पर 31 अक्तूबर और पहली नवंबर को पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाशों के मद्देनजर लिया गया है।सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज इस प्रस्ताव को मंजूरी दी ।प्रवक्ता ने बताया कि सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों और पेंशन वितरण एजेंसियों को आदेश का सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

******************************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 12 वीं कक्षा की शैक्षिक और मुक्त विश्वविधालय की 31 अक्तूबर को ली जाने वाली संस्कृत उर्दू और जैव विज्ञान विषय की पूरक परीक्षा अब 11 नवंबर को होगी। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि 31 अक्तूबर को दीपावली का अवकाश घोषित होने के मध्यनजर तिथि में बदलाव किया गया है। परीक्षा तिथि बारे सार्वजनिक सूचना बोर्ड की अधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है।

******************************************************************************

हरियाणा पंजाब व चंडीगढ़ में आज अहोई अष्टमी का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। भिवानी से हमारे सवांददाता ने बताया है कि महिलाओं ने इकठे होकर संतान की सुख व समृद्धि के लिए अहोई माता का पूजन किया। पर्व की महत्वता बताते हुए महिलाओं ने कहा कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर किए जाने इस व्रत पर संतान की लम्बी आयु प्राथना की जाती है। महिलाएं निर्जला व्रत क्र वरों को अन्न देकर जल ग्रहण करती है। हरियाणा के अन्य जिलों से भी अहोई अष्टमी पर विशेष पूजा अर्चना के समाचार मिले है।